
## भगवान झूलेलाल के जयकारों के साथ निकली महिलाओं की वाहन रैली

**मंडला, देशबन्धु।** सिंधी समाज के द्वारा भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव श्री चैटीचण्ड्र महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। सामाजिक जनों के द्वारा इसमें विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। शुक्रवार को विशेष ड्रेस कोड के साथ पहली बार महिलाओं की वाहन रैली निकाली गई। इसमें महिलाएं सफेद और लाल ड्रेस कोड में नजर आईं, महिलाओं ने सिर पर पगड़ी साफा बांधा और उत्साह के साथ आयोजन में शिरकत की।

विधिवत पूजन अर्चन के पश्चात रैली का शुभारंभ किया गया।रैली अंबेडकर वार्ड, बलराम चैक, हनुमान घाट,पढ़ाव, चिलमन चैक, बिझिंया, कटरा, नेहरु स्मारक एवं महाराजपुर के मुख्य मुख्य मार्गो से होकर भगवान झूलेलाल के जयकारों के साथ गुंजायमान रही। रैली में सामाजिक मातृशक्ति में विशेष उत्साह देख गया।

**रैली का हुआ जगह-जगह**



**स्वागत-** इष्ट देव भगवान श्री झूलेलाल की जयंती अवसर पर पहली बार निकली सामाजिक महिलाओं की वाहन रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया एवं स्वागत कर्ताओं के द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

रैली में शामिल जनों ने स्वल्पाहार को प्रसादी के रूप में ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

**भक्ति आराधना गीतों पर झूमे श्रद्धालु** -पहली बार आयोजित महिला वाहन रैली में महिलाओं में बहुत उत्साह देखा गया इसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति शामिल हुई और उत्साह के साथ भक्ति गीतों पर झूम उठी, खास बात रही कि इसमें युवाओं से लेकर बड़ी उम्र तक की सामाजिक महिलाओं ने सहभागिता की और आयोजन को यादगार बनाया। समिति की ओर से सभी शामिल जनों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

**जिला पुलिस प्रशासन का मिला सहयोग** सिंधी समाज के द्वारा महिलाओं की आयोजित वाहन रैली में जिला पुलिस प्रशासन का सहयोग मिला,जिससे कार्यक्रम सफल और सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

## जलवायु अनुकूलन कृषि कार्यक्रम अंतर्गत बैठक

**मंडला, देशबन्धु।** डॉक्टर पंकज कुमार प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर जलवायु अनुकूलन कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि क्षेत्र के यह कार्यक्रम 9 जिले में यह योजना चलाई जा रही है इसके अंतर्गत हम लोग अलग-अलग कंपोनेंट पर कार्य कर रहे हैं इसमें हम संरक्षित खेती को बढ़ावा दे रहे हैं, जो पुरानी प्रजाति को चिन्ह करके जलवायु अनुकूलन के अंतर्गत उन्नत किया जा रहा है।




कृषक बांधों के बीच आमतौर पर यह मानता है कि फसलों के अवशेष नरवाई भूसा को खेत में जलने से विभिन्न खरपतवार एवं कीड़ों को भी खत्म किया जा सकता है हम रीपर के द्वारा छोटे-छोटे खेतों की फसल कटाई का आधुनिक तरीके से फसल की कटाई के साथ-साथ बांधने का कार्य भी साथ-साथ किया जा सकता है स्ट्रॉ बेलर खेती में बिखरे नरवाईको एकत्रित कर तथा सुरक्षित रखरखाव किया जा सकता है जिससे नरवाई को एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने में आसानी होती है हैप्पी सीटर के माध्यम से हम मशीन द्वारा काटे गए धान के नरवाई को बिना जलाए गेहूं की बुवाई आसानी से की जाती है।

रोटरी मल्चर के द्वारा निर्वाही को जैविक खाद में परिवर्तित किया जा सकता है एवं मृदा में नमी को संरक्षित किया जा सकता है। यशवेंद्र सिंह ठाकुर ग्राम मुकदरा धान काटने के बाद परंपरागत खेती के द्वारा लागत अधिक एवं समय भी अधिक लगता था और फसल उत्पादन भी काम होता था मगर जलवायु अनुकूलन खेती के द्वारा आधुनिक यंत्रों के प्रयोग से फसल के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई गेहूं की की खेती बोने पर 15 दिन पहले ही फसल तैयार हो जाती है पैरा को जलाने में अधिक लागत लगती थी मगर हैप्पी सीडर का प्रयोग करने से समय कम लगता है एवं फसल भी अच्छी हुई इस वर्ष मैं इन्हीं आधुनिक यंत्रों का प्रयोग किया जिससे मुझे कम समय एवं कम लागत पर अच्छी फसल प्राप्त हुई।

### सार-समाचार

## साढ़े छह साल के फैज ने रखा पहला रोजा



**मंडला, देशबन्धु।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र माह रमजान चल रहा है। रमजान के महीने में मुस्लिम समाज के लोग पूरे 1 माह तक उपवास रखते हैं जिसे रोजा कहा जाता है। इस दौरान सूर्योदय के पूर्व से लेकर सूर्यास्त तक रोजेदार कुछ भी खाते पीते नहीं है। रोजे रखने को लेकर बच्चों में भी खासा उत्साह देखा जाता हैं। ऐसे ही एक उत्साही बालक फैज ने अलविदा जुमा के दिन अपना पहला रोजा रखा। कलेक्ट्रेट हाउसिंग सोसायटी निवासी सैयद कमर अली के पोते और सैयद सिकंदर अली के बड़े बेटे सैयद फैज अली ने 6 साल 5 माह की उम्र में अपना पहला रोजा रखा।

## संविधान के अमृत महोत्सव का आयोजन



**मंडला, देशबन्धु।** संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एवं उच्च षिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेषानुसार पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला में आज दिनांक 28 मार्च को प्रभारी प्राचार्य डॉ. टीपी मिश्रा के निर्देषन में एवं डॉ.बी.टेंभरे के मार्गदर्षन में व विधि विभाग के प्राध्यापक डॉ.रजनीष मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ.अंकित बिसेन की अध्यक्षता में पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगता में प्रथम स्थान गंगा साकेत, बी.ए.तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान प्रियंका मलगाम, श्री अमित एवं तृतीय स्थान भूनेष्वरी वरकड़े एलएल.बी.तृतीय सेम.ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भूनेष्वरी वरकड़े द्वितीय स्थान सोनाली मलगाम, किरण देवी तृतीय स्थान रज्जो तेकाम, राजकुमारी यादव ने प्राप्त किया। अन्य छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रो.पी.मालवे ने कार्यक्रम का संचालन किया, कार्यक्रम के सदस्य डॉ. पीएल झारिया, डॉ. सैयद निहा, डॉ.दुर्गावती सल्लाम, डॉ. रामकुमार चैरसिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना के 622 हितग्राहियों को सिंगल क्लिक से राशि की गई अंतरित



**मंडला, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के 23 हजार 162 परिवारों को 505 करोड़ की अनुग्रह राशि सिंगल क्लिक से अंतरण की। इस दौरान जिले में 622 हितग्राहियों को 13 करोड़ 36 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई। राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम का जिले में सीधा सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में एनआईसी कक्ष मंडला से प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, श्रम अधिकारी धनंजय जैन सहित संबल योजना के हितग्राही उपस्थित थे।

## त्यौहारों के समय खाद्य सुरक्षा हेतु सतत निगरानी करें : श्रेयांश कूमट

**मण्डला,देशबन्धु।** प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट ने जिला स्तरीय सलाहकार समिति (खाद्य सुरक्षा) की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि त्यौहारों के समय खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका को देखते हुए सतत निगरानी करें। ऐसे प्रतिष्ठान जहाँ ज्यादा तादाद में खाद्य पदार्थों का विक्रय किया जाता है उनमें सेम्पलिंग की कार्यवाही करें।

रजिस्ट्रेशन और लायसेंस की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि 12 लाख रूपए वार्षिक टर्नओवर वाले प्रतिष्ठानों के लिए पंजीयन की कार्यवाही करें। 12 लाख रूपए से अधिक वार्षिक टर्नओवर वाले प्रतिष्ठानों के लिए लायसेंस जारी किये जाने की कार्यगति को बढ़ाएं। जिले में 12 लाख रूपए से अधिक वार्षिक टर्नओवर वाले प्रतिष्ठान अधिक संख्या में हो सकते हैं, इसको स्केल-अप करने के लिए सघन अभियान चलाएं जिससे ज्यादा से ज्यादा व्यापारी इसके दायरे में लाए जा सकें। उन्होंने निर्देशित किया कि पिछले वर्ष के प्रकरणों में आरसीसी जारी करवाएं, आवश्यकतानुसार सीलिंग की कार्यवाही भी करें। प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के साथ-साथ मध्यान्हभोजन तथा सांझा चूल्हा द्वारा बच्चों को दिये जा रहे भोजन की भी सेम्पलिंग करें। जाँच की कार्यवाही मंडला शहर एवं आसपास सीमित न रखते हुए जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में भी इसका विस्तार करें। स्ट्रीट वेंडर्स के साथ-साथ रेस्टोरेंट्स की भी समय-समय पर जांच करें। इस अवसर पर सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास रोहित बड़कुल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी गीता ताम्रकार, उपसंचालक कृषि श्रीमती मधु अली सहित संबंधित उपस्थित थे।



**जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में निर्देश**

## जल गंगा जल संवर्धन अभियान के आयोजन व क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**मंडला, देशबन्धु।** जल गंगा जल संवर्धन अभियान के आयोजन एवं क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जल गंगा जल संवर्धन अभियान 2025 की अवधि 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक निर्धारित की गई है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है।

इस अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से मुख्यतः नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार/मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल वितरण की संरचनाओं की साफ-सफाई तथा मानसून में किये जाने वाले पौधारोपण हेतु आवश्यक तैयारियों के कार्य प्राथमिकता से किये जायेंगे। अभियान में सहभागी विभागों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों हेतु अपनी विभागीय योजनाओं, सांसद/विधायक निधि, जन भागीदारी तथा सीएसआर से वित्तीय संसाधन जुटाये जायेंगे।

गठित समिति द्वारा जिला/जनपद अंतर्गत ऐसी संरचनाओं का चयन किया जाएगा जिनका जीर्णोद्धार/मरम्मत किया जाना आवश्यक है। कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराना तकनीकी अधिकारियों का उत्तरदायित्व होगा।

## जिला स्तरीय टास्कफोर्स समिति एवं जिला सतर्कता समिति की बैठक आयोजित

**मंडला, देशबन्धु।** प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट की अध्यक्षता में बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 अंतर्गत जिला स्तरीय टास्कफोर्स समिति एवं बंधक श्रम (उत्सादन) अधिनियम 1976 अंतर्गत जिला सतर्कता समिति की बैठक हुई। कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में आयोजित इस बैठक में बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम 1986 एवं बंधक श्रम अधिनियम 1976 के प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शाला में अनुपस्थित बच्चों की सूची उपलब्ध कराएं।

श्रमिकों द्वारा पलायन की स्थिति में ग्राम पंचायतों में पलायन श्रमिक परिवार की विस्तृत जानकारी रजिस्टर में दर्ज करें। पलायन के संबंध में जानकारी नजदीकि पुलिस थाने में भी आवश्यक रूप से दें। बाल एवं बंधक श्रमिकों की जानकारी प्राप्त होने पर अविलंब समुचित कार्यवाही करें। बैठक में उपस्थित सदस्यों से विभिन्न विषयों पर सुझाव प्राप्त किये गये। श्रम पदाधिकारी द्वारा पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण मंडला श्रीमती वंदना गुप्ता, सहायक संचालक सामाजिक न्याय श्री रोहित बड़कुल, जीएमडीआईसी श्री नंदकिशोर वास्कले, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति जिला खनिज अधिकारी, एलडीएम, श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### बीएलसी, एएचपी व आईएसएस घटक अंतर्गत किये जा सकते हैं आवास के लिए आवेदन

**मंडला, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 योजना के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ हो चुके हैं। निकाय क्षेत्र के पात्र हितग्राही ऑनलाईन लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदक बीएलसी घटक, एएचपी घटक (भूमिहीन एवं किरायेदार हेतु) तथा आईएसएस घटक अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में जिन आवेदकों के आवेदन निकाय में जमा है उन्हें भी ऑनलाईन आवेदन किया जाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगरपालिका परिषद मंडला के प्रधानमंत्री आवास शाखा में संपर्क कर सकते हैं।

## कस्टम हायरिंग सेंटर भैंसवाही में वॉटरशेड महोत्सव आयोजित




**मंडला, देशबन्धु।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई वाटरशेड विकास योजना (पीएमकेएसवाई 2.0) के तहत परियोजना क्रमांक 3 जनपद पंचायत घुघरी जिला मंडला में चल रहे वाटरशेड यात्रा अभियान का भव्य समारोह कस्टम हायरिंग सेंटर भैंसवाही में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक नारायण सिंह पट्टा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम, जिला पंचायत सदस्य सुश्री ललिता धुर्वे एवं श्रीमती गीता मरावी, मंडल अध्यक्ष राजकुमार चैकसे, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्द कुशराम, निर्माण समिति अध्यक्ष नीरज मरकाम, जनपद सदस्य कलीराम धुर्वे, सेवकली मरावी, भारत नंदा एवं समस्त सरपंचगण, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा निकालकर की गई इसके पश्चात मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। मंचासीन अतिथियों को सम्मानित कर सभी सदस्यों द्वारा पानी रोको अभियान में सभी ग्रामवासियों को जुड़ने का सन्देश दिया गया एवं इसके फायदे समझाए गए, मंच संचालन जिला परियोजना अधिकारी उमेश कुमार सिंगरौरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में वाटरशेड योजना से लाभान्वित जल योद्धाओं को शील्ड एवं रंगोली, निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ दिलाई गई।

## सामूहिक विवाह समारोह की व्यवस्था हेतु ऑनलाइन निविदा 8 अप्रैल तक आमंत्रित

**मंडला, देशबन्धु।** जनपद पंचायत मंडला द्वारा सामूहिक विवाह समारोह 16 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत टिकरवारा में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में डेकोरेशन, साउंड सिस्टम एवं भोजन व्यवस्था किए जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों, सेवाप्रदाताओं एवं संविदाकारों से वेबसाईट ूण्उचजमदकमतेण्हवअण्पद पर ऑनलाईन निविदाएं 8 अप्रैल 2025 शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की गई है। निविदा 9 अप्रैल 2025 को दोपहर 12 बजे कार्यालय जनपद पंचायत मंडला में खोला जायेगा।

निविदा से संबंधित समस्त जानकारी एवं निविदा की शर्तें ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन केवल उक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का सतत निराकरण करें : प्रभारी कलेक्टर

**मंडला, देशबन्धु।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने सीएम हेल्पलाईन सहित अन्य विषयों की विस्तृत समीक्षा की।

सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का निराकरण करें। इसमें रेगुलर बेसिस पर शिकायतें बंद कराना आवश्यक है। प्रभारी कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिये।



उन्होंने कहा कि मंडला जिले की रैंकिंग को बेहतर करने के लिए प्रकरणों का त्वरित गति से निराकरण कराना जरूरी है। बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, सीएल वर्मा, एसडीएम मंडला सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित थे।प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने 30 मार्च से प्रारंभ हो रहे जल गंगा जल संवर्धन अभियान तथा विक्रमादित्य महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने सिंगल रिसोर्स वाले ग्रामों की जानकारी भी ली। ई-ऑफिस की विभागीय प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने निर्देशित किया कि सभी विभागों को लिंक करें। 15 अप्रैल 2025 के बाद ऑफलाईन फाईल स्वीकार नहीं की जायेंगी। उन्होंने कहा कि नवीन फाईलों को ऑनलाईन ही प्रस्तुत करें।